बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R)
224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को बड़ी आशा थी कि दिनांक 5.2.2003 को हुई राज्य परामर्शदात समिति की बैठक में हमारे कैडर का अन्तिम विभाजन सम्पन्न हो जायगा । लेकिन घोर निराशा हुई कि बिहार आरक्षी सेवा एवं बिहार वन सेवा के पदाधिकारी का कैडर बॅटवारा तो कर दिया गया परन्तु बिहार प्रशासनिक सेवा के कैडर बटॅवारा का अंतिम रूप कुछ आपत्तियों के कारण नहीं हो सका । इस संबंध में राज्य परामर्शदात समिति का रूख स्पष्टतः सकारात्मक नहीं है जबकि राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप बिहार एवं झारखंड के बीच पदाधिकारियों के सेवा संवर्ग का बॅटवारा एक वर्ष के अन्दर हो जाना था और दो वर्षों से अधिक हो जाने के बाद भी अभी तक नहीं हो पाया है । संघ द्वारा कैडर का विभाजन शीघ्र कराने हेतु सरकार एवं राज्य परामशदातृ समिति से लिखित एवं मौखिक अनुरोध किया जाता रहा है । अध्यक्ष होने के नाते मेरे द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी अनुरोध किया गया, पर सब बेकार गया ।

2. कैडर विभाजन न होने के कारण 1999 से ही हमारे सेवा संवर्ग में प्रोन्नति नहीं दी जा रही है और कोई न कोई बहाना ढृढकर प्रोन्नति वाधित की जा रही है । यहॉ तक कि विगत तीन वर्षों में भारतीय प्रशासनिक सेवा में भी प्रोन्नति नहीं दी गयी । इस संदर्भ में संघ लोक सेवा आयेग के अनुरोध/निदेश को भी दरकिनार कर दिया गया । स्थिति कुल मिलाकर अत्यन्त ही असंतोष जनक है एवं संघ के सदस्यों में व्यापक आक्रोस है ।

3. कैडर विभाजन में अनावश्यक विलम्ब को देखते हुए संघ की एक आपात्कालीन बैठक की गई जिसमें राज्य परामर्शदातृ समिति के पूर्व एवं वर्त्तमान अध्यक्ष के नकारात्मक भूमिका की तीव्र भर्त्सना की गयी । संघ ने सभी स्थितियों का आकलन करते हुए यह मंतव्य गठित किया कि परामर्शदातृ समिति के अध्यक्ष द्वारा अपने कुछ चहेते पदाधिकारियों को कुछ और दिनों तक महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रखने, जिन्हें उन्होंने पदस्थापित किया/कराया, के लिए ही कैडर विभाजन न करने का सभी कुचक्र रचने का काम किया जा रहा है । अगर यह सच है तो संघ इस घृणित कार्रवाई की निन्दा/भर्त्सना करता है ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth will Triumph

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

पत्र संख्या .... पटना दिनांक..................

4.. संघ ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के भी नकारात्मक कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए पुनः आन्दोलन की तैयारी शुरू कर दी है । अन्तिम रूप से बॅटवारे की संभावित तिथि 22 फरवरी, 2003 को अगर सम्पूर्ण कैडर का अन्तिम विभाजन न हो पाया तो 23 फरवरी, 2003 को आपके कार्यालय में ही आपका घेराव किया जायेगा तथा हम आगे विभिन्न चरणों में आन्दोलन को विवश होंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार एवं राज्य परामर्शदातृ समिति की होगी ।

ह0/-
(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

ह0/-
(वजीन्द्र नारायण सिंह)
अध्यक्ष ।

ज्ञापांक- 6 दिनांक- 15/2/03

प्रतिलिपि- सम्पादक, सभी दैनिक अखबार (हिन्दी/अंग्रेजी), पटना/ ब्युरो चीफ, पी0टी0आई0/ यू0एन0आई0/ समाचार सम्पादक, दूरदर्शन/ आकाशवाणी, पटना को प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु प्रेषित ।

गंगाधर 15.2.03
(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

15.2.03
(डब्लू एन0 सिंह)
अध्यक्ष ।